समाचार–प्रकाशनार्थ :–

## निगम भवन पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया करेंगे ध्वजारोहण

रतलाम 25 जनवरी । 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर आज प्रातः 7.30 बजे निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ध्वजारोहण करेंगे। निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहेंगे।

# नगर निगम के विभिन्न करों से 15.53 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

**रतलाम 25 जनवरी । संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 25 जनवरी मंगलवार को कुल राशि रूपये 15,53,697/– का राजस्व प्राप्त हुआ।**

**नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 25 जनवरी मंगलवार को संपत्तिकर शिविर से 126000, कार्यालय 257160, वसूली दल 423789 कुल 806949, जलकर शिविर 34760, कार्यालय 342940, वसूली दल 95510 कुल 470210, लायसेंस फीस 1505, विकास शाखा लीजरेंट 85454, कम्पाउडिंग 82887, गंदगी करने पर स्पॉट फाईन 9300, बगैर मास्क वालो पर स्पॉट फाईन 2300 इस तरह कुल राशि रूपये 15,53,697/– का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।**

# योगमय यज्ञमय भक्तिमय जीवन आनंद की अनुभूति लिए आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाएं

**रतलाम 25 जनवरी । जन–जन हर भारतीय नागरिक राष्ट्र वंदना से ओत–प्रोत देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाएं स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध हरा–भरा हों रतलाम हमारा नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व उपायुक्त श्री विकास सोलंकी के मार्गदर्शन में 25 जनवरी मंगलवार को प्रातः 08:15 बजे गुलाब चक्कर पुराने कलेक्टोरेट परिसर रतलाम क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष गोपाल मुजावदिया म.प्र.जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय योग गुरु बंशीलाल मजावदिया प्रकाश चन्द्र बिलाला के आतिथ्य में पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी रतलाम म.प्र.पश्चिम विशाल कुमार वर्मा जिला यज्ञ प्रभारी पं संजय शिवशंकर दवे द्वारा योगमय यज्ञमय रतलाम की और प्रयत्नशील रहकर भक्तिमय अष्टांग योग सूर्य नमस्कार कर महायज्ञ में आहूति देकर वातावरण शुद्धिकरण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प दिलाया**

**बांसुरी वादक नितिन सिंह सुरम्य मुरली बजाकर मंत्रमुग्ध कर भावेश परिहार ने भक्ति गीत–संगीत के साथ सोशल मीडिया प्रभारी नितेंद्र आचार्य ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए. पो. सिंह ने नगर वासियों को योग से निरोग स्वास्थ्य से समृद्धि की और सभी एक क़दम बढ़ाए तभी हम स्वच्छ स्वस्थ हरा–भरा रतलाम नंबर एक बना पाएंगे**

